पटना नगर निगम
پٹنہ میونسپل کارپوریشن
PATNA MUNICIPAL CORPORATION

1864
पटना नगरपालिका
CITY OF PATNA

Letter No. / पत्रांक: 10883
Date / दिनांक: 06/07/2026

# कार्यालय आदेश

वर्तमान में मानसून का आगमन को दृष्टिगत रखते हुए निगम क्षेत्रान्तर्गत आम-नागरिकों के सुलभता हेतु **विशेष अभियान** के तहत फौगिंग कार्य, कचरा संग्रहण, सोशल मिडिया के माध्यम से नागरिकों की समस्या का समाधान, त्वरित जल-निकासी किया जाना है:-

(क) सभी कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम निदेशित है कि :-

1. द्वितीय पाली में टेम्पू माउन्टेड फौगिंग मशीन एवं हैण्ड हेल्ड फौगिंग मशीन का परिचालन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कार्य का अनुश्रवण करते हुए पूर्व निर्धारित विहित प्रपत्र में दैनिक प्रतिवेदन नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में Randomly Verification नियंत्रण कक्ष मुख्यालय के द्वारा किया जायेगा। कार्य में लापरवाही को गंभीरता से लिया जायेगा।
2. आवासीय ईकाईयों से कचरा संग्रहण हेतु आवश्यकतानुसार द्वितीय पाली में डोर-टू-डोर वाहनों का परिचालन करवाते हुए कार्य का अनुश्रवण सुनिश्चित करेंगे।
3. द्वितीय पाली में आवश्यकतानुसार भाड़ा पर हाईवा का परिचालन करवाते हुए अपराह्न 02:00 बजे से 03:00 बजे तक निश्चित रूप से कचरा का उठाव सुनिश्चित करेंगे। साथ ही कार्य का जीपीएस फोटो वाटसएप ग्रुप पर उपलब्ध कराते हुए अनुश्रवण भी सुनिश्चित करेंगे।
4. सभी प्रभारी सफाई निरीक्षकों को वार्ड में ही कैम्प कर कार्य करवाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही कार्य का अनुश्रवण भी सुनिश्चित करेंगे।
5. जल निकासी में संलग्न पम्प ऑपरेटर, सुपर सकर/जेटिंग/डम्प टैंक इत्यादि मशीन के चालक एवं हेल्पर को 24X7 क्रियाशील रखने हेतु अंचल पर कैम्प करवायेंगे तथा स्थल पर भेजने हेतु आवश्यक वाहन उपलब्ध करायेंगे साथ ही अल्पाहार/भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

(ख) निगम क्षेत्रान्तर्गत सोशल मिडिया के माध्यम से नागरिकों की समस्या का समाधान हेतु निम्नानुसार टीम का गठन किया जाता है:-

1. श्रीमति हर्षिता (9873805561), PRO
2. श्री आकाश कुमार (8271613237), MIS Expert, HMS
3. श्री सूरज कुमार (6206188524), Graphic Designer, HMS

उक्त टीम प्रतिदिन सोशल मिडिया यथा-फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, वाटसएप ग्रुप इत्यादि पर निगम से संबंधित चल रहे खबर का सत्यापन एवं उसपर उचित कार्रवाई करवाते हुए कार्य पूर्ण/खंडन से पोस्ट करते हुए दैनिक रूप से अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे।

(ग) रात्रि पाली में वर्षा के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारी यथा-कार्यपालक पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, नगर प्रबंधक, APSWMO, वार्ड नोडल, प्रभारी मुख्य सफाई निरीक्षक, QRT, सभी प्रभारी सफाई निरीक्षक की क्षेत्र में ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करवाने हेतु निम्न पदाधिकारी को रोस्टरवार नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय) का नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है:-

| पदाधिकारी का नाम | निर्धारित कार्य दिवस एवं समय |
|---|---|
| श्री बिनय कुमार, नगर प्रबंधक, नू0रा0अं0 | सोमवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| श्री अमित सहाय, नगर प्रबंधक, पा0अं0 | मंगलवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| मो0 मोजीबुल हसन, नगर प्रबंधक, कं0अं0 | बुधवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| श्री अमित कुमार, APSWMO, बां0अं0 | गुरूवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| श्री पंकज कुमार, APSWMO, पा0अं0 | शुक्रवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| श्रीमति अभ्या प्रिया, नगर प्रबंधक, प0अं0 | शनिवार (10:00 PM to 06:00 AM) |
| श्री संत कुमार झा, APSWMO, नू0रा0अं0 | रविवार (10:00 PM to 06:00 AM) |

मानसून को दृष्टिगत रखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी अपने चालक के साथ 24X7 क्रियाशील रहेंगे। साथ ही रात्रि में वर्षा के दौरान क्षेत्र में उपस्थित होकर जीपीएस फोटो वाटसएप ग्रुप में उपलब्ध करायेंगे।

अंचल के वरीय पदाधिकारी, पटना नगर निगम निदेशित है कि प्रतिदिन Attendance Point पर उपस्थित रहेंगे एवं सफाई कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे।

उपरोक्त कार्यो के अनुश्रवण, समन्वयन एवं समस्याओं के निराकरण हेतु श्री राजन सिन्हा (9264447405), अपर नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को नोडल पदाधिकारी नामित किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह0/-
नगर आयुक्त
पटना नगर निगम

ज्ञापांक:-10883, दिनांक:-06/07/2026

प्रतिलिपि:-सभी अंचल के वरीय पदाधिकारी (अपर नगर आयुक्त/उप नगर आयुक्त)/सभी कार्यपालक पदाधिकारी/सभी कार्यपालक अभियंता/प्रभारी पदाधिकारी नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय)/सभी संबंधित चिकित्सा पदाधिकारी/सभी संबंधित नगर प्रबंधक/APSWMO/श्रीमति हर्षिता, PRO/श्री आकाश कुमार, MIS Expert, HMS/श्री सूरज कुमार, Graphic Designer, HMS/सभी वार्ड नोडल/सभी प्रभारी मुख्य सफाई निरीक्षक/सभी QRT/सभी प्रभारी सफाई निरीक्षक, पटना नगर निगम को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

06/07/26

नगर आयुक्त
पटना नगर निगम